# University in News on 05 August 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : पीजी आवेदन 24 तक

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन अब 24 अगस्त तक किए जा सकते हैं। विवि प्रशासन ने इस साल शुरू हुए छह नए पाठ्यक्रमों की आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इनके आवेदन भी अन्य पाठ्यक्रमों के साथ उपलब्ध हैं।

लविवि की एकेडमिक काउंसिल ने इस साल तीन नए परास्नातक और तीन स्नातक पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि योग में एमए और एमएससी, योग और वैकल्पिक चिकित्सा के नए गठित संकाय में शुरू किए गए हैं। जबकि लोक नीति और शासन में तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रम डॉ. शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान द्वारा शुरू किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का विवरण लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में तीन स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। ये हैं योग में बीए, बीएससी और बैचलर इन नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज। इनके फॉर्म विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**इंटीग्रेटेड एमबीए हुआ बंद :** लविवि ने इंटीग्रेटेड एमबीए पाठ्यक्रम बंद करने का फैसला किया है। आईएमएस में संचालित एमबीए इंटीग्रेटेड एमबीए पाठ्यक्रम में 12वीं के बाद दाखिला होता था। इस पाठ्यक्रम में बीबीए के साथ ही एमबीए की डिग्री भी मिलती थी।

**परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया पर अभी फैसला नहीं :** लविवि ने स्नातक प्रवेश प्रक्रिया इस साल प्रवेश परीक्षा के बजाय मेरिट के आधार पर करने का फैसला किया है। हालांकि अभी परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया पर कोई फैसला नहीं किया गया है। अभी भी यह तय नहीं है कि परास्नातक दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा या फिर मेरिट पर।

### *विवि में ऑनलाइन सत्र की फीकी शुरुआत*



***लखनऊ।*** *लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज मंगलवार से हो गया। जैसा कि अनुमान था लविवि परिसर के इक्का-दुक्का शिक्षकों ने ही ऑनलाइन कक्षा का संचालन किया। वहीं दूसरी ओर कॉलेजों ऑनलाइन सत्र सिर्फ नाममात्र के लिए ही रहा। ज्यादातर कॉलेजों में ऑनलाइन सत्र का शुभारंभ नहीं हो सका। शासन के निर्देश पर लविवि और सहयुक्त कॉलेजों को चार अगस्त से अपना शैक्षणिक सत्र ऑनलाइन प्रणाली पर शुरू करना है। इसके लिए कॉलेजों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। काफी विद्यार्थी स्मार्ट फोन और इंटरनेट से लैस नहीं हैं। ऐसे में जब मंगलवार को कुछ ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन शुरू हुआ तो छात्रों की संख्या काफी कम रही। ये ऑनलाइन कक्षाएं 30 सितंबर तक संचालित होनी हैं। इसके बाद ही ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होने की उम्मीद है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि में कई विभागों में मंगलवार ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया गया है। पहला दिन होने की वजह से सभी कक्षाएं नहीं शुरू हो सकी हैं। जल्द ही बाकी कक्षाएं शुरू होंगी।*

***अगली कक्षा में अभी नहीं हुआ प्रमोशन :*** *लविवि ने अंतिम वर्ष को छोड़कर अन्य छात्रों को प्रमोट करने का फैसला किया है। इसकी गाइडलाइन बना दी गई है पर पर अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ है। लविवि के ज्यादातर विद्यार्थियों को समझ नहीं आ रहा कि वे अपने को प्रमोट मानकर अगली कक्षा में पढ़ाई करें या फिर पुरानी कक्षा में ही रहें।*

**NBT PAGE 2 & 4**

## एलयू कर्मचारियों के लिए शुरू करेगा कैशलेस बीमा



■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू अपने कर्मचारियों के लिए कैशलेस बीमा योजना शुरू करने जा रहा है। इसके लिए एलयू ने निजी इंश्योरेंस कंपनियों से 27 जुलाई तक आवेदन मांगे थे, लेकिन अब तारीख बढ़ा कर 16 अगस्त कर दी गई है। एलयू प्रशासन यह बीमा योजना अपने 1200 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों और टेक्निकल स्टाफ के लिए शुरू कर रहा है।

## 24 अगस्त तक होंगे पीजी में आवेदन

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू ने पीजी कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 24 अगस्त कर दी है। आवेदन ऑनलाइन होंगे। पीजी की 4500 सीटों पर दाखिले के लिए अभी तक 12 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू में यूजी-पीजी के 3-3 पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन कोर्सों का ब्योरा मंगलवार को साइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय

## एलयू में एमसीक्यू पैटर्न पर होंगी परीक्षाएं

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने कोविड-19 के हालातों को देखते हुए इस साल पीजी डिप्लोमा और सर्किफिकेट कोर्सों की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली से करवाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना ने बताया कि इन कोर्सों की परीक्षाओं का शेड्यूल जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**DAINIK JAGRAN PAGE 6**

## लविवि : पीजी में प्रवेश को आवेदन 24 अगस्त तक

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में दाखिले के लिए अब 24 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं से प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी की लगभग कुल सीट 4500 हैं। इसके सापेक्ष इस वर्ष 12 हजार से अधिक आवेदन आए हैं। लविवि ने इस बार तीन नए परास्नातक और तीन स्नातक पाठ्यक्रमों में भी दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### परीक्षाएं एमसीक्यू पैटर्न पर

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विवि ने पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की परीक्षाएं एमसीक्यू पैटर्न से कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ एएम सक्सेना ने बताया कि कि परीक्षा का कार्यक्रम जल्द ही विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**HINDUSTAN PAGE 8**

## एलयू : पीजी के लिए आवेदन अब 24 तक

**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि बढ़ा दी है। अब यहां 24 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। लविवि में पीजी की करीब 4500 सीट हैं। इनपर प्रवेश के लिए 12 हजार से ज्यादा ने आवेदन कर दिया है।

**नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरूः** तीन नए परास्नातक व तीन स्नातक पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक में योग में एमए व एमएससी, योग और वैकल्पिक चिकित्सा के नए संकाय शुरू किए गए हैं। लोक नीति व शासन में तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रम डॉ. शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान में शुरू हुआ है।

योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में तीन स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। इनमें, योग में बीए, बीएससी और बैचलर इन नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज शामिल हैं।

**i-NEXT PAGE 3**

## एलयू में अब 24 तक पीजी के आवेदन

**LUCKNOW(4 Aug, inext):** एलयू ने पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 24 अगस्त कर दी गई है. प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी में योग में एमए और एमएससी योग और वैकल्पिक चिकित्सा की नई फैकल्टी में शुरू किए गए हैं. लोक नीति और शासन में तीसरा पीजी डॉ. शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान द्वारा शुरू किया गया है. इन सभी कोर्स की डिटेल मंगलवार को एलयू की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है.

### पीजी डिप्लोमा का एग्जाम एमसीक्यू प्रणाली से

एलयू ने इस वर्ष कोविड-19 के हालातों को देखते हुए पीजी डिप्लोमा और सार्टीफिकेट कोर्सेस की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली से कराने का निर्णय लिया है. परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना ने बताया कि हालातों को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है. इन कोर्स का एग्जाम शेड्यूल जल्द जारी होगा.

**AMRIT VICHAR PAGE 2**

**बीएड प्रवेश परीक्षा** | सभी परीक्षा केंद्रों पर होगी थर्मल स्कैनिंग व सेनिटाइजर की व्यवस्था

## नौ को होगी परीक्षा, सभी तैयारियां पूरी

अमृत विचार लखनऊ

यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है, परीक्षार्थी भी अपनी तैयारियां पूरी कर लें इस संबंध में उन्हें एसएमएस के माध्यम से जानकारी भेज दी गयी है। इस बात की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड कोआर्डिनेटर प्रो. अमिता बाजपेयी ने दी है। सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि नौ अगस्त को होने जा रही बीएड प्रवेश परीक्षा प्रवेश-परीक्षा के सुरक्षित व सुचारू संचालन की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इस के लिए प्रदेश सरकार व जिला-प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा-केंद्र पर वर्तमान में कोविड-19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत, समस्त प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश के अभ्यर्थियों को अनावश्यक यात्रा करने से बचाने के लिए, अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के परीक्षा केंद्र के निकटतम जनपद को दोबारा चयनित करने की ऑनलाइन सुविधा दी गई थी। प्रत्येक महिला अभ्यर्थी एवम दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए उनके द्वारा परीक्षा केंद्र के विकल्प के रूप में चयनित जनपदों में से प्रथम विकल्प के जनपद में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं।

वहीं विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों की ओर से दिये गए विकल्पों के जनपद (प्रयागराज आदि कुछ जनपदों को छोड़कर) में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, प्रत्येक परीक्षा-केंद्र पर परीक्षा-कक्षों तथा फर्नीचर इत्यादि को सेनेटाइज कराने की पर्याप्त व्यवस्था, प्रत्येक परीक्षार्थी/कक्ष निरीक्षक व परीक्षा से सम्बंधित हर व्यक्ति का इंफ्रारेड थर्मामीटर के माध्यम से शारीरिक तापमान मापने के साथ ही मास्क लगाकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है।

**PIONEER PAGE 3 & 4**

## बीएड प्रवेश परीक्षा:थम्ब इम्प्रेशन के लिए परीक्षा केंद्रों पर होगी डिस्पोजेबल स्ट्रिप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** 19 के दौर में आगामी 9 अगस्त को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के दौरान कोरोना से बचाव के लिए परीक्षा केंद्रों पर थम्ब इम्प्रेशन के लिए परीक्षा केंद्रों पर होगी डिस्पोजेबल स्ट्रिप की व्यवस्था रहेगी। जिससे अभ्यर्थियों के उँगलियों के चिन्ह लिए जा सके और किसी को दूसरे की स्पर्श की गई स्ट्रिप न छूनी पड़े।

बीएड स्टेट कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात 8 व 9 अगस्त को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इस हेतु प्रदेश सरकार, शासन, जिला प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों की सुरक्षा हेतु सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा.केंद्र पर वर्तमान में कोविड.19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत, समस्त प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जा रहा है। अभ्यर्थियों को अनावश्यक यात्रा करने से बचाने के लिएए अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के परीक्षा केंद्र के निकटतम जनपद को दोबारा चयनित करने की ऑनलाइन सुविधा दी गई थी। प्रत्येक महिला अभ्यर्थी एवम दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए उनके द्वारा परीक्षा केंद्र के विकल्प के रूप में चयनित जनपदों में से प्रथम विकल्प के जनपद में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं। यथा संभव अधिकतर परीक्षार्थियों को उनके द्वारा दिये गए विकल्पों के जनपद (प्रयागराज आदि कुछ जनपदों को छोड़कर) में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में इस सत्र से छह नए कोर्स होंगे शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस सत्र से 6 नए पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा। इनमे तीन परास्नातक और 3 स्नातक स्तर के कोर्स होंगे। हाल ही में इन कोर्सों को लखनऊ विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद ने मंजूरी दी है। वहीं पीजी स्तर के कोर्सों में फार्म जमा करने की तिथि विवि प्रशासन ने बढ़ाकर 24 अगस्त कर दी है। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक परास्नातक पाठ्यक्रमों में योग में एमए और एमएससी योग और वैकल्पिक चिकित्सा के नए गठित संकाय में शुरू किये गए हैं, जबकि लोक नीति और शासन में तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रम डॉ शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान द्वारा शुरू किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में तीन स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। योग में बीए, बीएससी और बैचलर इन नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज शामिल हैं।